# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 20.02.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 20.02.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक व कलस्टर हेड एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई व सम्बधिंत स्टाफ जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, हरदोई द्वारा विकासखंड वार क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) की प्रगति रिपोर्ट विवरण प्रस्तुत की गयी। जिसके अवलोकन से ज्ञात हुआ कि विकास खंड पिहानी, टड़ियावां, हरियावां, टोडरपुर, बावन, मल्लावां तथा सांडी में क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक व जल निगम ग्रामीण के अवर अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि अवशेष विकास खण्डों में भी क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्य शत–प्रतिशत अतिशीघ्र पूर्ण कर अवगत करावें। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों तथा विकास खण्डों में अवशेष बहुत कम है उन्हें पहले पूर्ण करें जिनसे हमारे जनपद में सन्तुष्टिकरण की संख्या में वृद्धि हों सके।

**(कार्यवाही– समस्त अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक में उपस्थित जल निगम ग्रामीण, हरदोई के समस्त सहायक व अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया की वे अपने–अपने क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति व जल की गुणवत्ता तथा रोड रेस्टोरेशन आदि अन्य कार्यों का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें तथा यह सुनिश्चिंत करें कि पेयजल योजनाओं से सतत् जलापूर्ति ग्रामीणों को प्राप्त होती रहे।

(कार्यवाही– समस्त अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई।)

3. बैठक में उपस्थित जल निगम ग्रामीण, हरदोई के सभी अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने विकास खण्ड के ग्राम प्रधानों का एक व्हाट्सएप्प ग्रुप विकसित कर के उनके माध्यम से अपने–अपने क्षेत्रों के जल जीवन मिशन के कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करते रहें।

(कार्यवाही– समस्त अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई।)

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

## कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक: 2536 / आर-70 / 156 दिनांकः 6/3/25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।